# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 04.08.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पीएसी कर्मी के घर में हुई चोरी की घटना का मात्र 24 घण्टे के अन्दर खुलासा करते हुए 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से एक अदद वाशिंग मशीन, एक एल.ई.डी. टीवी , एक जोडी पायल सफेद घातु, एक नाक की कील पीली धातु, एक थैले में स्टेप्लाईडर का ताँबे का तार व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल हीरो स्पलैन्डर बिना नम्बर प्लेट तथा ₹300 बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में चोरी की घटना की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 04.08.2026 को वादिनी श्रीमती रंजना दुबे पत्नी यतेन्द्र दुबे वार्ड न0-20 इन्दिरा नगर कैनाल रोड झींझक थाना मंगलपुर कानपुर देहात के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पर मु0अ0सं0 231/26 धारा 331(4)/305ए बीएनएस बनाम प्रदुम्न दुबे पुत्र गुड्डू दुबे निवासी ओमनगर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 04.08.2026 को काशीराम कालोनी लगरथा रोड़ थाना क्षेत्र मंगलपुर से अभियुक्त अभिषेक दुबे उर्फ प्रदुम्न दुबे पुत्र अरूणेश कुमार उर्फ गुड्डू दुबे, उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ओमनगर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को मात्र 24 घण्टे के अन्दर मय चोरी के एक अदद वाशिंग मशीन, एक एल.ई.डी. टीवी , एक जोडी पायल सफेद घातु, एक नाक की कील पीली धातु, एक थैले में स्टेप्लाईडर का ताँबे का तार व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल हीरो स्पलैन्डर बिना नम्बर प्लेट तथा ₹300 बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 02.08.26 की रात कों मैंने कैनाल रोड़ झींझक बंद पड़े मकान में चोरी की थी। चुराया हुआ सामान मैंने काशीराम कालोनी में छिपाकर रखा था, आज उसी को लेने आया था कि आपने मुझे पकड़े लिया। मोटरसाइकिल की किस्त भरने के लिये मैंने चोरी की थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

1. अभिषेक दुबे उर्फ प्रदुम्न दुबे पुत्र अरूणेश कुमार उर्फ गुड्डू दुबे, उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ओमनगर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद वाशिंग मशीन
2. एक एल.ई.डी. टीवी
3. एक जोडी पायल सफेद घातु
4. एक नाक की कील पीली धातु
5. एक थैले में स्टेप्लाईडर का ताँबे का तार
6. घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल हीरो स्पलैन्डर बिना नम्बर प्लेट।
7. ₹300-/

**अभियुक्त अभिषेक दुबे उर्फ प्रदुम्न दुबे उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 231/26 धारा 331(4)/305ए/317(2) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 346/22 धारा 379/411 भादवि थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 347/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अवनीश कुमार चौकी प्रभारी झींझक
2. उ0नि0 श्री अवधेश सिंह
3. का0 56 दिग्विजय सिंह
4. का0 107 संतोष कुमार
5. का0 861 कृष्ण कुमार